# 'विदेशी छात्रों और नए कोर्स के साथ नैक है प्राथमिकता'

■ दीपांकुर सक्सेना, लखनऊ

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय को नैक (NAAC) में बेहतर ग्रेडिंग दिलाना और सेकंड कैंपस का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बात कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने 'नवभारत टाइम्स' से बातचीत में कही। अगले 3 साल के लिए दोबारा कुलपति नियुक्त होने पर उन्होंने विवि के रोडमैप पर बात की। मुख्य अंशः

## भातखंडे विवि की कुलपति मांडवी सिंह ने NBT से की बातचीत

**Q. नई पारी में सबसे बड़ी चुनौती?**

पहली कुलपति बनने के समय भी राह आसान नहीं थी, आज भी चुनौतियां कम नहीं हैं। सबसे बड़ा काम सेकंड कैंपस को विकसित करना, विवि सिस्टम के मुताबिक उसका सेटअप मंजूर कराकर निर्माण आगे बढ़ाना, खाली पदों पर पारदर्शी भर्तियां करना, इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना और स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट सिस्टम तैयार करना है।



**Q. नैक ग्रेडिंग की क्या तैयारी है?**

नैक में पिछले 3 साल के डेटा से मूल्यांकन होता है। विवि 2022 में बना और मैंने 2023 में कमान संभाली। 2023-24 सत्र से ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) लागू कर दी, जिसकी मॉनिटरिंग मैं खुद कर रही हूं। ऐतिहासिक परीखाना परिसर का जीर्णोद्धार भी जारी है।

**Q. रिसर्च वर्क के लिए क्या योजना है?**

नैक में शोध के अहम अंक होते हैं। आते ही मैंने 6 महीने का पीएचडी प्रिपरेशन कोर्स शुरू कराया और परीक्षा से पारदर्शी चयन हुआ। विवि 12B दर्जे के लिए प्रयासरत था और 3 छात्रों ने JRF के लिए आवेदन किया था। 3 महीने पहले ही UGC से अनुमति मिल गई, जिससे तीनों को अब फेलोशिप मिल रही है।

**Q. विदेशी छात्रों के लिए क्या प्रयास हैं?**

पहले ICCR से कई विदेशी छात्र आते थे, बीच में यह रुक गया था। अभी सेल्फ-फाइनेंस से 5-6 विदेशी छात्र पढ़ रहे हैं। ICCR से दाखिले के लिए मैंने दोबारा आवेदन किया है।

**Q. खाली पदों पर भर्ती कब तक?**

कुछ पद पुराने कॉलेजों के समय के कनिष्ठ प्रवक्ता जैसे हैं। विवि सिस्टम में ऐसे पद न होने से इन्हें बदलने का प्रस्ताव शासन में प्रक्रियाधीन है। बाकी पदों का रोस्टर बनाकर शासन से मंजूरी मिल चुकी है।

**Q. स्पेशल बच्चों, पर क्या योजना?**

बीएनए में पहले सिर्फ डिप्लोमा था, हमने वहां थियेटर में डिग्री कोर्स शुरू कराया। विवि कैंपस के सेटअप और परिनियमावली का संशोधन 2026 में पास हो चुका है। स्पेशल बच्चों और संगीत चिकित्सा को लेकर मेरी खास संवेदनशीलता है। ऑटिस्टिक बच्ची सिद्धि इसका उदाहरण है। डिप्रेशन मैनेजमेंट और म्यूजिक थेरेपी जैसे छोटे सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स शुरू होंगे।

Scanned with OKEN Scanner